प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
18.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

धन्यवाद प्रस्ताव

14वीं विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शिमला में शुरू हो गया है। आगामी दो अप्रैल तक चलने वाले इस चरण में सदन की कुल 13 बैठकें होंगी। बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार को आरडीजी और जीएसटी मुआवजे के रूप में केंद्र से 70 हजार करोड़ की राशि मिली, लेकिन भाजपा ने प्रदेश पर चढ़े कर्ज को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया। इसके विपरीत जब भाजपा सत्ता से बाहर गई तो प्रदेश पर 76 हजार करोड़ रुपये का कर्ज छोड़ कर चली गई। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आरडीजी हिमाचल के लोगों का हक है, लेकिन भाजपा इसे बहाल करने में कोई मदद नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्यपाल का पद एक संवैधानिक पद है और उसे भाजपा को राजनीति में नहीं घसीटना चाहिए।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में लोगों की मांग और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संस्थान खोले लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता में आते ही 2 हजार सरकारी संस्थानों को बंद कर दिया। यही नहीं प्रदेश के लाखों लोगों के लिए वरदान बनी हिमकेयर और सहारा जैसी योजनाओं को भी मुख्यमंत्री ने नहीं बख्शा और अब यह योजनाएं लगभग बंद हो गई है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट सत्र के पहले चरण में कहा था कि बची हुई विधायक क्षेत्र विकास निधि जल्द जारी कर दी जाएगी लेकिन अब सरकार ने सिर्फ एक किश्त जारी की है और दूसरी किश्त जारी करने की नीयत नहीं है।

जयराम ठाकुर

विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन ही विपक्ष ने अपने तीखे तेवर दिखाए और सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के बाहर नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री द्वारा झूठ बोले जाने के ख़िलाफ़ नियम 75 के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को प्रिविलेज मोशन का नोटिस देकर कार्रवाई की मांग की। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तीन साल से सदन के भीतर और बाहर बार–बार झूठ ही बोल रहे हैं जो सदन की गरिमा के खिलाफ है।

सुजाता शर्मा

केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि कच्चे तेल की उपलब्धता सामान्य है और तेल शोधक संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को व्यावसायिक एलपीजी का अतिरिक्त 10 प्रतिशत आवंटन दिया है।

नवरात्र

चैत्र नवरात्र कल 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं और इसी दिन हिन्दू नववर्ष भी प्रारंभ होगा। नवरात्र को देखते हुए प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित मां दुर्गा के अन्य ऐतिहासिक मंदिरों में विशेष हवन यज्ञ के आयोजन की तैयारियां की गई हैं और मंदिरों को रंग–बिरंगे फूलों से शानदार ढंग से सजाया गया है। कांगड़ा के एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर मंदिरों के आसपास अतिरिक्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।